# ई-न्यायायिक सेवाएं
# भारत के जिला एवं तालुका न्यायालय




GET IT ON Google Play
Download on the App Store

॥ यतो धर्मस्ततो जयः ॥

परिसंचारित:
ई समिति
भारतीय सर्वोच्च न्यायालय

# ई-कोर्ट सेवा मोबाइल एप




## भारतीय सर्वोच्च न्यायालय की ई-कमेटी द्वारा परिचालित

# ई-कोर्ट सेवा मोबाइल एप

**भारतीय सर्वोच्च न्यायालय की ई-कमेटी द्वारा परिचालित**

**लेखक,**

सुश्री आर. अरुलमोझिसेल्वी, एम.एल.,
**सदस्य,(मानव संसाधन)**
**ई-कमेटी, भारतीय सर्वोच्च न्यायालय.**

**डॉ. परविंदर सिंह अरोड़ा, सुश्री दिव्य ज्योति पटियाल, सुश्री अक्षी शर्मा व श्री असलम बेग व हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय अनुवाद शाखा द्वारा हिंदी भाषा में अनुवादित**

**पहला संस्करण: फरवरी, 2021**

**<u>अस्वीकरण</u>**

*ई-कमेटी द्वारा परिचालित यह संदर्भ सामग्री केवल अध्ययन और प्रशिक्षण उद्देश्य के लिए है। दिए गए संदर्भ सांकेतिक हैं और किसी भी आधिकारिक या न्यायिक संदर्भ के लिए उपयोग नहीं किए जा सकते हैं।*

न्यायमूर्ति डॉ डी.वाय. चंद्रचूड़ न्यायाधीश, भारतीय सर्वोच्च न्यायालय

प्रस्तावना

सर्वोच्च न्यायालय की ई- कमेटी कानून के क्षेत्र में डिज़िटल सुधारों की शुरुआत करने में सबसे अग्रसर रही है । पिछले एक वर्ष के दौरान, लॉकडाउन और सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के मद्देनज़र, कार्यालयों और अदालतों के बंद होने के कारण इस महामारी ने अधिवक्ताओं, न्यायाधिशों और वादियों को भी उच्च तकनीकी विकल्पों को अपनाने के लिए प्रेरित किया है। दूरस्थ रूप से काम करना, आभासी अदालत, डिजिटल कार्यस्थल और इलेक्ट्रॉनिक प्रकरण प्रबंधन इत्यादि वकालत तथा उसके संचालन का अभिन्न अंग बन गये है । इसने हमें न केवल एक अंतरिम उपाय के रूप में प्रोद्योगिकी को अपनाने का एक अभूतपूर्व अवसर दिया है, बल्कि हमारी विधिक प्रणाली को ओर अधिक कुशल, समावेशी, सुलभ तथा पर्यावर्णीय रूप से संधार्य बनाने की ओर रूपांतरित किया है । ई- न्यायिक सेवाएँ मोबाइल एप्लीकेशन इस दिशा में एक कदम है ।

ई- न्यायिक सेवाएँ मोबाइल एप्लीकेशन, ज़िला न्यायालयों और उच्च न्यायालयों में दायर मामलों के लिए अधिवक्ताओं और वादियों को एक ही एप्प के माध्यम से सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध करवाने वाला इलेक्ट्रोनिक मामला प्रबंधन उपकरण (ई० मा० प्र० उ० ) है । यह तारीख वार केस डायरी सहित प्रकरण दर्ज करने से लेकर निपटान तक मामले का पूरा वृतान्त प्रदान करता है । यह उपयोगकर्ताओं को आदेशों/निर्णयों, वादसुची , प्रकरण हस्तांतरण विवरण और अंतरिम आवेदन की स्थिति जैसी जानकारी प्राप्त करने में मदद करता है । एप्लीकेशन की एक विशिष्ट विशेषता यह है कि एक अधिवक्ता “ मेरे प्रकरण “ टैब के तहत सभी प्रकरणों की डिजिटल डायरी रख सकता है ।

ये सभी सुविधाएँ निशुल्क उपलब्ध है । इस एप्लीकेशन के उपयोग से न केवल न्यायिक परिसरों में आगंतुको की आवाजाही कम हो जाएगी, बल्कि न्यायधीशों, न्यायालय के करमचारियों तथा अन्य हितधारकों का समय और श्रम बचेगा । यह एप्लीकेशन यह भी सुनिश्चित करेगा कि प्रासंगिक मामले की जानकारी प्राप्त करने में भोगौलिक बाध्यताए, अड़चन नहीं बनेगी । हमने विकलांग व्यक्तियों को एप्लीकेशन उपलब्ध करवाने के लिए भी प्रयास किया है ।

ई० मा० प्र० उ० उपकरण के बारे में स्क्रीनशॉट के साथ नियमावली में विस्तार से चर्चा की गयी है । भारत की भाषा और सांस्कृतिक विविधता को ध्यान में रखते हुए , नियमावली का 11 क्षेत्रीय भाषाओँ में अनुवाद किया गया है ।

तकनीकी क्षमताओं में सुधार सभ्यता और मानसिकता में बदलाव के साथ होना चाहिए । मुझे यह जानकर ख़ुशी है कि कई अधिवक्ताओं तथा वादियों ने 57 लाख से अधिक डाउनलोड के साथ, इस मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से दी जाने वालो सेवाओं को पहले ही अपना लिया है । यह एप्लीकेशन हमारी न्याय प्रणाली को निरंतर विकसित हो रहे डिज़िटल क्षेत्र के अनुकूल बनाने के लिए मार्ग प्रशस्त करेगी ।

न्यायमूर्ति डॉ डी.वाय. चंद्रचूड़

बरुण मित्रा, भा०प्र०से०

सचिव

न्याय विभाग

विधि और न्याय मंत्रालय

भारत सरकार

प्रस्तावना

जैसे-जैसे विधिक क्षेत्र धीरे-धीरे विश्व स्तर पर डिजिटल रूप में बदल रहा है, वैसे-वैसे भारत में न्यायायिक परिदृश्य को आईसीटी सक्षम बनाने की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। बहुआयामी पहलकदमी के एक महत्वपूर्ण अंग के तौर पर, ई न्यायायिक सेवाएं मोबाइल ऐप को इलेक्ट्रॉनिक मामला प्रबंधन उपकरण(इ०मा०प्र०उ०) के रूप में सर्वस्व सराहा जा रहा है। अधिवक्ताओं द्वारा डाउनलोड करने की बढ़ती संख्या, जो अभी तक 57 लाख की संख्या को पार कर चुकी है, इसकी लोकप्रियता को प्रकट करता है।

सुदृढ़ मामला प्रबंधन और मजबूत सहायक प्रणाली किसी भी कुशल क्रियाशील विधिक सरंचना का मूल है। इ०मा०प्र०उ० उपकरण अधिवक्ता को प्रकरण का विवरण, दस्तावेजों के संग्रह, क्रमपंजीकरण, मामला स्थिति की समयावधि, न्यायायिक निर्णयों तक पहुँच, अनुपालना आवश्यकताएं इत्यादी जानकारियों को कुशलता से सँभालने में सक्षम बनाता है। सारांश में, ई०मा०प्र०उ० बिना किसी भौगोलिक सीमाओं के चोबीसो घंटे उपलब्ध रहने और बिना शुल्क के सुगम अभिगम होने के कारण बेहद सुविधाजनक है। ई न्यायायिक सेवाएं मोबाइल ऐप डिजिटल डायरी के फीचर के साथ अधिवाक्ताओं को उनकी व्यावसायिक कार्य क्षमता को उभारने के लिए एक जरुरी उपकरण के रूप में विकसित हुआ है।

इस ई०मा०प्र०उ० के बारे में व्यापक जागरूकता लाने के लिए और अधिवक्ता समुदाय तक इसके फायदे पहुँचाने के लिए ई न्यायायिक सेवाएं मोबाइल ऐप पर इसकी नियमावली का प्रकाशन सर्वोच्च न्यायालय की ई-समिती का एक और प्रशंसनीय कदम है। यह नियमावली हिंदी और कई अन्य क्षेत्रीय भाषाएँ जैसे पंजाबी, तमिल, गुजराती, ओडिया और नेपाली में भी उपलब्ध है और इस तरह इसके दायरे को बढ़ाया जा रहा है। मुझे विश्वास है कि यह नियमावली कानून के ज्ञाताओं के लिए बहुत उपयोगी सिद्ध होगा।

# "ई-कोर्ट सेवाएं" - मोबाइल एप्लिकेशन

## विषयसूची


1. कैसे स्थापित करें "ई-कोर्ट सेवा" मोबाइल ऐप:........................................................................5

1.1. https://eCourts.gov.in शॉर्टकट लिंक से डाउनलोड करें..............................................6

1.2. एंड्रॉयड के लिए गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड करें ........................................................ 7

1.3. आई - फ़ोन / आई पैड के लिए एप्पल स्टोर से सीधे डाउनलोड करें....................................... 7

2. ई-कोर्ट एप्लिकेशन कॉन्फ़िगर करें:..........................................................................................8

3. ई-कोर्ट मोबाइल ऐप 6 भारतीय भाषाओं में (जल्द ही आ रहा है):........................,,.......................8

4. ई-कोर्ट सेवा मोबाइल एप्लिकेशन के बुनियादी प्रतीक..........:..................................................9

4.1.ई-कोर्ट मोबाइल एप्लिकेशन का स्वागत पृष्ठ ........................................................................ 9

4.2.मेनू सूची आइकन......................................................................................................... 9

4.3 जिला न्यायालय / उच्च न्यायालय मामले का विवरण: ..................................................10

4.4 मुख्य मेनू विकल्प:.......................................................................................................10

4.5 सी.एन.आर खोज:.........................................................................................................10

4.6 केस स्थिति खोज: .......................................................................................................10

4.7 वाद सूची: ....................................................................................................................10

4.8 मेरे मामले:...................................................................................................................10

4.9 मेरे मामले दिनांकवार / जिलेवार:...............................................................................11

4.10 कैलेंडर विकल्प:..........................................................................................................11

4.11 अपडेट बटन:...............................................................................................................11

4.12 मेरे मामले के तहत खोज विकल्प:..............................................................................11

4.13. क्यूआर कोड:...............................................................................................................11

4.14. क्यूआर कोड स्कैन करें - ...........................................................................................11

4.15. आई ए / अन्तर्ववर्ती विवरण:.....................................................................................12

4.16. स्थानांतरण विवरण:....................................................................................................12

4.17. अधीनस्थ न्यायालय सूचना: .......................................................................................12

4.18. केस इतिहास ........ 12
5. ई-कोर्ट सेवाओं मोबाइल ऐप के माध्यम से पूरा मामला इतिहास प्राप्त करें........ 13
6. खोजें केस विकल्प........ 13
7. सी.एन.आर नंबर का उपयोग करके खोजें........ 14
7.1. सी.एन.आर संख्या क्या है:........ 14
7.2. कैसे जानें अपना सी.एन.आर नंबर:........ 15
7.3. ई-कोर्ट मोबाइल ऐप से सीएनआर नंबर कैसे प्राप्त करें:........ 15
7.4 सी.एन.आर नंबर का उपयोग करके मामले कैसे खोजें ........ 16
8. खोज केस की स्थिति: विभिन्न विकल्पों का उपयोग करना........ 17
8.1 केस नंबर विकल्प का उपयोग करके केस की स्थिति देखना ........ 18
8.2 फाइलिंग नंबर विकल्प का उपयोग करके स्थिति की स्थिति देखना: ........ 19
8.3 एफआईआर नंबर का उपयोग करके खोजें: ........ 19
8.4 एडवोकेट विकल्प का उपयोग करके केस की स्थिति देखना ........ 20
8.4.1 अधिवक्ता नाम से खोजें: ........ 20
8.4.2 बारकोड का उपयोग करके खोजें:........ 21
8.4.3 दिनांक केस सूची (एडवोकेट कॉज़ लिस्ट) का उपयोग करके खोजें ........ 22
8.5. केस प्रकार विकल्प का उपयोग करके मामले की स्थिति देखना:........ 23
8.6. पार्टी के विकल्प का उपयोग करके मामले की स्थिति देखना: ........ 24
8.7 अधिनियम द्वारा खोज ........ 24
8.8 कैविएट :........ 25
8.9 प्रे-परीक्षण आवेदन........ 25
8.9.1 जमानत की स्थिति कैसे पता करें........ 26
8.9.2 रिमांड की स्थिति कैसे पता करें........ 26
8.9.3 पूर्व-विचारण आवेदन की स्थित्ति कैसे पता करें ........ 27
9. ई-कॉर्ट्स मोबाइल ऐप के माध्यम से कॉजलिस्ट का उपयोग करना:........ 28
10. My Cases विकल्प:........ 29

10.1. My Cases में मामले कैसे जोड़ें: 30
10.2. My Cases से मामलों को हटाने के लिए: 31
10.3 My Cases में खोज: 31
10.4. रिफ्रेश बटन: 31
10.5.My Cases- तिथि वार / जिलेवार प्रदर्शन विकल्प: 32
10.6. कैलेन्डर: 32
11. बैक अप सुविधा: 33
11.1 निर्यात विकल्प: 34
11.2. आयात विकल्प: 35
12. क्यूआर कोड का उपयोग करके केस की स्थिति प्राप्त करना: 36
12.1. चरण: 1: आपके प्रकरण का क्यूआर कोड प्राप्त करना: 36
12.2. चरण 2: मामले में क्यूआर कोड और पेस्ट का प्रिंट आउट लें: 36
12.3. चरण 3: स्कैन क्यूआर कोड: 36
13. एसएमएस के माध्यम से मामले की स्थिति प्राप्त करें जहां कोई इंटरनेट नहीं है: 37
14. ई-कोर्ट स्वचालित ईमेल सेवाओं के माध्यम से मामले की स्थिति प्राप्त करना: 37
15. कोर्ट कॉम्प्लेक्स लोकेटर 38
16. ई-न्यायिक मोबाइल ऐप विकल्प सूचि में विभिन्न लिंक 38
17. ई-कोर्ट मोबाइल ऐप में ई-पे लिंक: 39
18. ई-कोर्ट मोबाइल ऐप में एनजेडीजी लिंक: 39
19. ई कोर्ट मोबाइल ऐप के माध्यम से India Code तक पहुँच 41
19.1. भारत कोड से एक बेयर अधिनियम की खोज 41
20. ई-न्यायिक मोबाइल ऐप में ई-फाइलिंग लिंक 42
21. ई-न्यायालय मोबाइल ऐप में आभासी अदालतों का लिंक 42
22. ई-न्यायालय मोबाइल ऐप में अधिवक्ताओं के लिंक के लिए फॉर्म 43
23. हेल्प विकल्प: 43

# "ई-कोर्ट सेवाएं " - मोबाइल एप्लिकेशन

क्या कभी आपने अपने हाथों में आपके केस का स्टेटस होने का सपना देखा है वो भी 24*7? ई-कोर्ट सेवाओं मोबाइल ऐप के साथ यह सपना सच हो गया है। अब कोई भी अपने मामले की स्थिति, अदालत के आदेश, वाद सूची मोबाइल फोन के माध्यम से संबंधित अदालत परिसर में शारीरिक रूप से गए बिना देख सकता है । e-समिति, भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने वादियों, वकीलों, कानूनी संस्था, पुलिस, सरकारी एजेंसियों और संस्थागत लिटिगेंट के लाभ के लिए "eCourts Services" नामक मोबाइल एप्लिकेशन जारी किया है ।

मोबाइल एप्लिकेशन विभिन्न खोज विकल्प देता है जैसे कि सीएनआर (CNR) नंबर के साथ केस सर्च करना , केस नंबर, फाइलिंग नंबर, पार्टी का नाम , एफआईआर नंबर, एडवोकेट डिटेल्स, एक्ट, केस टाइप विकल्प से केस स्टेटस सर्च करना । आप केस हिस्ट्री , किसी केस की डायरी , वाद सूची, केस की ट्रांसफर डिटेल्स, ऑर्डर और जजमेंट सब कुछ फ्री में देख सकते हैं। आप इसे गूगल प्ले स्टोर से एंड्रॉइड फोन की किसी अन्य ऐप की तरह और आईफोन , आईपैड डिवाइसों पर भी डाउनलोड कर सकते हैं। आधिकारिक ई -समिति वेबसाइट में डाउनलोड लिंक प्रदान किया गया है https://ecommitteesci.gov.in जहां से भी आप डाउनलोड कर सकते हैं।

ईकोर्ट मोबाइल ऐप में सभी इकोर्ट्स सेवाएं हैं तथा इसके अतिरिक्त इकोर्ट मोबाइल ऐप में उपलब्ध **'My Cases'** का उपयोग करके कोई भी व्यक्तिगत केस जोड़ सकता है और स्वचालित अपडेट प्राप्त सकता है जो कि वादी या वकील की डिजिटल डायरी के समान है । यह वादियों, फर्मों, कंपनियों या संगठन के लिए भी उपयोगी है , जिनके पास विभिन्न स्थानों पर विभिन्न न्यायालयों में कई मामले हैं। 'माय केसेस' में व्यक्ति अपने मामलों की सूची जोड़ सकता है और ई -कोर्ट मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से सभी अपडेट प्राप्त कर सकता है। इसमे कोई संदेह नहीं है कि ई -कोर्ट सर्विसेज मोबाइल ऐप , आपकी व्यक्तिगत डिजिटल केस डायरी बनकर आपके सभी मामलों का विवरण आपके हाथों में (मोबाइल सेट में) 24 * 7 नि: शुल्क उपलब्ध करवाता है ।


## 1. कैसे स्थापित करें "eCourts सेवाएँ" मोबाइल ऐप:


1.1. ई-कोर्ट वेबसाइट शॉर्टकट लिंक से डाउनलोड करें

1.2 गूगल स्टोर / एप्प्ल स्टोर से डाउनलोड करें

### 1.1. https: //eCourts.gov.in शॉर्टकट लिंक से डाउनलोड:


कोई भी व्यक्ति नया ई -कोर्ट मोबाइल ऐप  गूगल प्ले स्टोर / एप्प्ल ईट्रून्स स्टोर  से डाउनलोड कर सकता है। ई-कोर्ट वेबसाइट पर भी एक गूगल प्ले स्टोर / एप्प्ल ईट्रून्स का शॉर्टकट लिंक है  जहां से ई-कोर्ट सर्विसेज मोबाइल ऐप डाउनलोड  की जा सकती है। इस शॉर्टकट लिंक पर क्लिक करने से आप संबंधित प्ले स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं। ई -कोर्ट वेब पेज में प्रदान किया गया मोबाइल ऐप, डाउनलोड लिंक यहाँ स्क्रीनशॉट के रूप में नीचे  दिखाया गया है। जब इंस्टॉलेशन पूरा हो जाता है , तो आपको "Open" ऐप पर क्लिक करना होगा , जो ऐप को खोलेगा और ई -कोर्ट ऐप का स्वागत स्क्रीन दिखाई देता है, जिसे यहां स्क्रीनशॉट में दिखाया गया है।



## 1.2. Android के लिए Google Play Store से डाउनलोड करें

यदि आपके पास एक एंड्रॉइड स्मार्टफोन है , तो ई-कोर्ट सर्विसेज मोबाइल ऐप के लिए गूगल प्ले स्टोर खोजें और डाउनलोड पर क्लिक करें और फिर डाउनलोड क्लिक करने के बाद इंस्टॉल करें , आपके एंड्रॉइड स्मार्ट फोन में मोबाइल ऐप इंस्टॉल हो गया है।








## 1.3. आई - फ़ोन /आईपैड के लिए एप्प्ल स्टोर से सीधे डाउनलोड करें

यदि आपके पास एक एप्प्ल आई - फ़ोन है, तो "eCourts Services mobile app" के लिए एप्प्ल स्टोर खोजें और डाउनलोड पर क्लिक करें और फिर डाउनलोड के बाद इंस्टॉल पर क्लिक करें। फिर आपके एप्प्ल आई - फ़ोन में मोबाइल ऐप इंस्टॉल हो गया है। इसी तरह, आईपैड के लिये भी ई-कोर्ट सेवाएं मोबाइल ऐप उपलब्ध है, जिसे आईपैड पर डाउनलोड और इंस्टॉल किया जा सकता है।



**2. ई-कोर्ट एप्लिकेशन कॉन्फ़िगर करें:**

**ई**-कोर्ट मोबाइल ऐप का वर्तमान संस्करण तीन श्रेणियां के तहत सेवाएं प्रदान करता है**;**

**(क) उच्च न्यायालय**

**(ख) जिला न्यायालय**

**(ग) या दोनों**

ई-कोर्ट मोबाइल ऐप में, आप जिला न्यायालय या उच्च न्यायालय या दोनों मामलों के लिए ऐप को कॉन्फ़िगर कर सकते हैं। उसके लिए, आपको आइकन पर क्लिक करके मेनू सूची से कॉन्फ़िगर विकल्प का चयन करने की आवश्यकता है। आप रेडियो बटन "हाई कोर्ट" पर क्लिक करके उच्च न्यायालय की सेवाओं का उपयोग करने के लिए अपने मोबाइल ऐप को कॉन्फ़िगर कर सकते हैं। आप रेडियो बटन "जिला न्यायालय" पर क्लिक करके जिला न्यायालय की सेवाओं का उपयोग करने के लिए अपने मोबाइल ऐप को कॉन्फ़िगर कर सकते हैं। और यदि आप उच्च न्यायालयों और जिला न्यायालयों दोनों की सेवाओं का उपयोग करना चाहते हैं, तो आप दोनों रेडियो बटन पर क्लिक कर सकते हैं।




**3. ई-कोर्ट मोबाइल ऐप 6 भारतीय भाषाओं में (जल्द ही आ रहा है):**


ई-कोर्ट मोबाइल ऐप का नवीनतम संस्करण, जो परीक्षण के अधीन है, अंग्रेजी और छह क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध कराया जाएगा। छह क्षेत्रीय भाषाओं में ई-कोर्ट ऐप के नियमित उपयोगकर्ता की जिज्ञासा को पूरा करने के लिए स्क्रीनशॉट नीचे दिखाया गया है। हिंदी, मराठी, तमिल, कन्नड़, गुजराती, तेलुगु।



## 4. सेवा मोबाइल एप्लिकेशन के बुनियादी प्रतीक:

### 4.1. स्वागत पृष्ठ

ई-कोर्ट मोबाइल एप्लिकेशन का।




### 2.मेनू सूची आइकन:



यदि आप दिखाए गए तीन -लाइन आइकन पर क्लिक करते हैं, तो यह ई-कोर्ट मोबाइल ऐप की पूरी मेनू सूची दिखाएगा।



<table>
<tr>
<td>

**<u>4.3. जिला न्यायालय / उच्च न्यायालय मामले का विवरण:</u>**

आप जिला न्यायालय मामले या उच्च न्यायालय या जिला न्यायालय और उच्च न्यायालय दोनों के लिए मोबाइल ऐप को कॉन्फ़िगर कर सकते हैं।

</td>
<td>





</td>
</tr>
<tr>
<td>

**<u>4.4. मुख्य मेनू विकल्प:</u>**

i सीएनआर खोज; ii केस की स्थिति (खोज);

iii वाद-सूची ; iv माई केसेस (My Cases Options)

</td>
<td>




</td>
</tr>
<tr>
<td>

**<u>4.5. सीएनआर खोज:</u>**

सीएनआर (CNR) आइकन का उपयोग करके, आप केस की स्थिति खोज सकते हैं

</td>
<td>




</td>
</tr>
<tr>
<td>

**<u>4.6. केस स्थिति खोज:</u>**

केस स्टेटस विकल्प का उपयोग करके , निम्नलिखित नौ खोज विकल्पों से केस स्थिति का पता लगा सकते हैं

**केस नंबर, पार्टी का नाम**


**दाखिल नंबर, एफआईआर**

**अधिवक्ता, अधिनियम**

**केस टाइप, कैविएट**

**पूर्व परीक्षण आवेदन (Pre trial Application)**

</td>
<td>





</td>
</tr>
<tr>
<td>

**<u>4.7 वाद सूची:</u>**

इस आइकन का उपयोग करके, कोई भी किसी भी न्यायालय की वाद सूची देख सकता है।

</td>
<td>




</td>
</tr>
<tr>
<td>

**<u>4.8. मेरे मामले:</u>**

आप इस " माई केसेस " विकल्प के तहत मामलों की अपनी व्यक्तिगत सूची को देख सकते हैं।


</td>
<td>




</td>
</tr>
</table>


**4.9. मेरे मामले दिनांकवार / जिलेवार:**

माई केसेस दो  प्रकार में प्रदर्शित होते हैं दिनांक वार    / जिलेवार। आप जो चाहें प्रदर्शन प्रकार चुन सकते हैं




**4.10. कैलेंडर विकल्प:**

कैलेंडर विकल्प कैलेंडर प्रारूप में मामलों को प्रदर्शित करता है




**4.11 अपडेट बटन:**

इस आइकन पर क्लिक करते ही यह डेटा को अपडेट कर देगा।



**4.12 मेरे मामलों के तहत खोज विकल्प:**

माई केसेस के तहत सर्च बॉक्स आपको अपने माई केस लिस्ट में खोज करने में मदद करेगा।





**4.13. QR कोड:**

क्यूआर  कोड,  हर केस के लिए मोबाइल ऐप में केस हिस्ट्री के तहत एक विशेष केस उपलब्ध है।




**4.14. QR कोड स्कैन करें** -

मोबाइल फोन से प्राप्त **क्यूआर** कोड को केस  फ़ाइल में चिपकाया जा  सकता  है,  और विशेष रूप से केस की स्थिति जानने के लिए मोबाइल ऐप में  स्कैन क्यूआर कोड विकल्प का उपयोग आसानी से किया जा सकता है।



## 4.15. अन्तर्ववर्ती विवरण:

यदि संबंधित न्यायालय इसमें प्रवेश करता है तब फिर केस हिस्ट्री के तहत **अन्तर्ववर्ती** विवरण **मिल सकता है**



| IA Details | | | | |
|---|---|---|---|---|
| IA Number | Party | Date of Filing | Next Date | IA Status |
| IA/1/2019 | XXXXXXX XXXXXXX | 24-01-2019 | 28-05-2020 | Pending |

## 4.16. स्थानांतरण विवरण:

मोबाइल ऐप के माध्यम से एक से दूसरे कोर्ट में केस का ट्रांसफर विवरण प्राप्त किया जा सकता है।



| Case Transfer Details Between The Courts | | |
|---|---|---|
| Transfer Date | From Court No. and Judge | To Court No. and Judge |
| 17-07-2018 | 15 - District Judge-13 and Addl Sessions Judge Abad | 21 - Adhoc District Judge-5 Asst Sessions Judge Abad |

## 4.17. अधीनस्थ न्यायालय सूचना:

अपील के मामले में , अधीनस्थ न्यायालय की जानकारी उपलब्ध है।







| Subordinate Court Information | |
|---|---|
| Court No. and Name | 5th Jt. Civil Judge J.D. J.M.F.C. Aurangabad |
| Case No. and Year | - 0000353 - 2014 |
| Case Decision Date | 14-11-2016 |


## 4.18. केस इतिहास

**केस** इतिहास के तहत, निम्नलिखित श्रेणियाँ के तहत एक मामले का पूरा विवरण मिल सकता है

- मामले का विवरण;
- केस की स्थिति,
- क्यूआर कोड,
- याचिकाकर्ता और अधिवक्ता
- प्रतिवादी और अधिवक्ता
- अधिनियम
- केस की सुनवाई का इतिहास
- अंतिम आदेश / निर्णय



## 5. ई-कोर्ट सेवाओं मोबाइल ऐप के माध्यम से पूरा केस इतिहास प्राप्त करें




## 6. केस खोज विकल्प

ई-कोर्ट मोबाइल ऐप के तहत दो मुख्य खोज मेनू हैं

(I) सीएनआर खोज;

(ii) केस की स्थिति (खोज);

आइए हम एक-एक करके इन्हे यहां देखते हैं।

<u>**7. सीएनआर नंबर का उपयोग करके खोजें**</u>




सीएनआर **(**CNR**)** नंबर द्वारा खोजें मोबाइल ऐप का उपयोग करके अपने फोन में केस विवरण प्राप्त करने का सबसे आसान तरीका है । क्या आप जानना चाहते हैं कि CNR नंबर क्या है**,** तो कृपया पढ़ते रहें।

<u>**7.1. सीएनआर संख्या क्या है:**</u>

सीएनआर का मतलब केस नंबर रिकॉर्ड है। सीएनआर (CNR) एक अद्वितीय 16 अंकों की संख्या है जो सभी मामलों में दी जाती है। संक्षेप में कहें , तो यह अद्वितीय / अनूठा मामला पहचान संख्या है जिसके द्वारा किसी भी मामले की पहचान की जा सकती है। सीएनआर केस सुचना सिस्टम के माध्यम से दायर प्रत्येक केस को सौंपा गया है। यह ट्रेन के टिकटों में इस्तेमाल होने वाले पीएनआर नंबर की तरह ही है। कोई भी अपने केस को उच्च न्यायलय और जिला न्यायलय में सीएनआर नंबर के साथ ट्रेस कर सकता है, जो कि 16 अंकों का अनूठा नंबर है।

| | |
|---|---|
| सीएनआर (16 अंक) शामिल हैं (राज्य कोड) (जिला कोड) (स्थापना कोड) (केस फाइलिंग नंबर) (फाइलिंग वर्ष) | **(JK) (AN) (01) (000638) (2017)** |

विभिन्न राज्यों (पंजाब, मेघालय, तमिलनाडु) से सीएनआर संख्या का उदाहरण स्पष्ट समझ के लिए यहां दिया गया है।

| CNR Number | PBJL01-015294-2016 | MLSH04-000548-2017 | TNSA06-000398-2017 |
|---|---|---|---|
| State code (2 digits) | PB<br>(Punjab) | ML<br>(Megalaya ) | TN<br>(Tamil Nadu) |
| District Code<br>(2 digits) | JL<br>(Jalandar) | SH<br>(East Khasi district) | SA<br>(Salem district) |
| Establishment Code<br>(2 digits) | (01)<br>(District and sessionscourt Establishment) | 04<br>(Chief Judicial Magistrate Establishment) | 05<br>(Principal District Munsif Establishment) |
| Case filing number<br>(6 digits) | 014824<br>(Case number) | 000548<br>(Case Number) | 000470<br>(Case Number) |
| Filing year (4 digits) | 2015 (Filing Year) | 2017 (Filing Year) | 2017 (Filing Year) |
| Total (16digit)<br>(State code)<br>(District code)<br>(Establishment code)<br>(Case filing number)<br>(Filing year) | (PB)(JL)(01)<br>(014824)(2015)<br>(Total 16 digits) | (ML)(SH)(04)<br>(000548)(2017)<br>(Total 16 digits) | (TN)(SA)(05)<br>(000470)(2017)<br>(Total 16 digits) |

## 7.2. कैसे जानें अपना सीएनआर नंबर:

एक वाधपक्ष / अधिवक्ता या कोई भी हर मामले के लिए सीएनआर दो तरीके से प्राप्त कर सकता है

(I) ई-कोर्ट सेवा की मोबाइल ऐप से;

(ii) ई-कोर्ट सेवा की वेबसाइट लिंक से।

## 7.3. ई-कोर्ट मोबाइल ऐप से सीएनआर नंबर कैसे प्राप्त करें:

सीएनआर नंबर प्राप्त करने के लिए, आपके पास जिला, न्यायालय का नाम और किसी विशेष रूप से केस नंबर या फाइलिंग नंबर या पार्टियों का नाम आदि होना चाहिए। आइए हम क्रमशः प्रक्रिया देखते हैं कि केस नंबर का उपयोग करके ई-कोर्ट मोबाइल ऐप से सीएनआर नंबर कैसे प्राप्त करें। उदाहरण: उप अदालत, अविनाशी, तिरुप्पूर जिला, तमिलनाडु के OS 50/2017 के लिए CNR नंबर कैसे खोजें ।

**चरण 1:** ई-कोर्ट सेवाओं मोबाइल ऐप पर जाएं।

**चरण 2:** मुख्य मेनू से “Case Status” चुनें।




**चरण 3:**

- Case Status पर क्लिक करें
- राज्य, जिला चुनें
- केस नंबर विकल्प चुनें
- केस प्रकार का चयन करें
- केस संख्या भरें
- साल भरे
- **Go** पर क्लिक करें
- कोर्ट के नाम पर क्लिक करें , फिर केस का विवरण दिखाई देगा।
- केस नंबर पर क्लिक करें

  (OS / 50/2017) जो रेखांकित और नीले रंग में दिखाया गया है



- केस विवरण सीएनआर नंबर के साथ दिखाई देगा।
- स्टेप स्क्रीनशॉट तैयार संदर्भ के लिए उसमें जोड़े गए हैं




## 7.4. CNR नंबर का उपयोग करके मामले कैसे खोजें

अब देखते हैं कि सीएनआर नंबर का उपयोग करके खोज मामले की स्थिति कैसे प्राप्त करें

**चरण 1:** मोबाइल ऐप पर सीएनआर CNR आइकन पर क्लिक करें

**चरण 2:** सीएनआर नंबर दर्ज करें


**चरण 3:** खोज बटन पर क्लिक करें

**चरण 4:** मामला इतिहास • केस विवरण • केस की स्थिति • याचिकाकर्ता और अधिवक्ता विवरण, प्रदर्शित करता है

**चरण 5**: शीर्षक "केस विवरण" पर क्लिक करें

**चरण 6:**यह सीएनआर नंबर सहित मामले का विवरण दिखाएगा।


(तैयार संदर्भ के लिए चरण 1 से 6 स्क्रीनशॉट को दिखाया गया है)






**8. विभिन्न विकल्पों का उपयोग करके केस की स्थिति: खोजना।**

नौ ज्ञात विकल्पों के साथ अपना केस स्टेटस खोजें




(i) केस संख्या

(ii) फाइलिंग नंबर

(iii) अधिवक्ता

(iv) केस का प्रकार

(v) पार्टी का नाम

(vi) एफआईआर संख्या

(vii) अधिनियम

(viii) प्री ट्रायल एप्लीकेशन / पूर्व परीक्षण आवेदन


(ix) कैविएट।

यदि कोई व्यक्ति सीएनआर नंबर नहीं जानता है, तो खोज किसी भी एक विकल्प का उपयोग करके की जा सकती है। अब हम केस स्थिति के तहत पहला विकल्प देखते हैं, अर्थात केस नंबर विकल्प का उपयोग करते हुए।

| |
|---|
| मोबाइल ऐप पर CASE STATUS पर क्लिक करें -> राज्य, जिला चुनें -> विकल्पों में से कोई एक पर क्लिक करें -> संबंधित फारम खुल जाएगा -> विवरण भरें -> मामलों की सूची प्रदर्शित हो जाती है -> मामला संख्या को क्लिक करने पर यह आगे केस हिस्ट्री दिखा देंगे -> शीर्षकों पर क्लिक करने से आगे विवरण खुलेगा । |

## 8.1. केस नंबर विकल्प का उपयोग करके केस की स्थिति देखना

अब हम मोबाइल एप्लिकेशन के केस नंबर विकल्प "ई-कोर्ट सेवाओं" का उपयोग करते हुए, केस स्टेटस के तहत पहला विकल्प देखते हैं




चरण 1: ई-कोर्ट मेनू से केस की स्थिति पर क्लिक करें

चरण 2: राज्य और जिले का चयन करें

चरण 3: केस नंबर विकल्प पर क्लिक करें


चरण 4:जब आप केस नंबर विकल्प पर क्लिक करते हैं, तो यह वहाँ दिखाए गए फॉर्म को खोल देगा और विवरण भर देगा

- न्यायालय परिसर
- मामले का प्रकार
- केस नंबर
- साल

चरण 5: विवरण भरने के बाद Go पर क्लिक करें

चरण 6: कुल मामलों की संख्या प्रदर्शित की गई है

चरण 7: अगर हम Case पर क्लिक करते हैं आगे यह मेनू के साथ खुल जाएगा




(i) केस डिटेल

(ii) केस की स्थिति

(iii) याचिकाकर्ता और अधिवक्ता

(iv) उत्तरदाता और अधिवक्ता

(v) अधिनियम

(vi) एफआईआर विवरण

(vii) अधीनस्थ अदालत की जानकारी

(viii) मामले की सुनवाई का इतिहास

(ix) अंतरिम आदेश


(x) अंतिम आदेश / निर्णय

* हर बार केस स्टेटस विकल्प का उपयोग करते समय सुनिश्चित करें कि राज्य, जिला का चयन किया गया है।

## 8.2. फाइलिंग नंबर विकल्प का उपयोग करके मामले की स्थिति देखना:

केस स्थिति में उपलब्ध दूसरा विकल्प फाइलिंग नंबर है।

मोबाइल ऐप पर CASE STATUS पर क्लिक करें -> राज्य, जिला चुनें -> दाखिल करने की संख्या पर क्लिक करें -> ड्रॉप बॉक्स से कोर्ट कॉम्प्लेक्स चुनते हैं -> फाइलिंग नंबर और वर्ष विवरण भरें -> GO पर क्लिक करें मामलों की सूची प्रदर्शित हो जाती है - >केस हिस्ट्री दिखा देंगे -> शीर्षकों पर क्लिक करने से आगे विवरण खुलेगा ।




## 8.3. एफ.आई.आर. संख्या का उपयोग करके खोजें:

**एफ.आई.आर. संख्या कैसे खोजें**

→ प्रकरण स्थिति पर क्लिक करें

→ राज्य, जिले का चयन करें

→ एफ.आई.आर. संख्या विकल्प पर क्लिक करें

→ न्यायिक परिसर का चयन करें


→ पुलिस स्टेशन का चयन करें

→ एफ.आई.आर. संख्या और वर्ष दर्ज करें

→ रेडियो बटन लंबित / निपटान / दोनों का चयन करें

→ ' जाएं' पर क्लिक करें

→ प्रदर्शित नंबर पर क्लिक करें



→ प्रकरण संख्या पर क्लिक करें यह आगे मामलों का वृतांत खोलेगा

## 8.4. एडवोकेट विकल्प का उपयोग करके केस की स्थिति देखना

यह खोज विकल्प किसी भी वकील के लिए डिजिटल क्लर्क है क्योंकि यह क्लर्क के अधिकांश काम करता है। उदाहरण के लिए , यह विकल्प दिखाएगा कि अधिवक्ता के नाम पर सभी अदालतों में कितने मामले लंबित हैं; किसी विशेष तिथि पर कौन से मामले सूचीबद्ध हैं; और उनके हैंडसेट में 24 * 7 सभी मामलों का चरण क्या है। एक वकील निम्नलिखित तीन विकल्पों के तहत इस खोज विकल्प का उपयोग कर सकता है |

**(i) अधिवक्ता नाम का उपयोग करके खोजें**

**(ii) बार कोड नंबर का उपयोग करके खोजें**

**(iii) किसी विशेष अधिवक्ता के मामले जो** एक विशिष्ट दिन पर सूचीबद्ध है उन्हे दिनांक मामले की सूची का उपयोग करके **खोजें** |

मोबाइल ऐप पर CASE STATUS पर क्लिक करें -> राज्य, जिला चुनें -> अधिवक्ता का नाम / बार कोड / दिनांक रेडियो बटन पर क्लिक करें -> GO पर क्लिक करें -> उसके बाद अधिवक्ता के नाम वाले मामले प्रत्येक स्थापना प्रदर्शित होती है -> केस नंबर पर क्लिक करें यह केस हिस्ट्री को खोलेगा ।

### 8.4.1. अधिवक्ता के नाम से खोजें:


यदि कोई अधिवक्ता यह जानना चाहता है कि उसके नाम पर कितने मामले लंबित हैं या उसके नाम पर कितने मामले हैं , तो इस अधिवक्ता नाम विकल्प का उपयोग करके सभी मामले प्राप्त किए जा सकते हैं। उदाहरण के लिए स्क्रीनशॉट में दिखाया गया है कि अधिवक्ता नाम की खोज अधिवक्ता नाम "राजप्पा" के लिए की गई है, तंजावुर, तमिलनाडु में 13 लंबित मामलों



को दिखाता है और यह भी दिखाता है कि किस कोर्ट में इनके कितने मामले लंबित हैं। यदि संख्या पर क्लिक किया जाता है, तो यह पूरी सूची दिखाएगा, जो कि केस हिस्ट्री के साथ नजर आएगी और इसे संक्षेप में अथवा विस्तारित रूप में देखा जा सकता है।

### 8.4.2. बारकोड का उपयोग करके खोजें:

एक वकील अपने अधिवक्ता बार कोड का उपयोग करके, अपने मामलों और वाद सूची की खोज कर सकता है । यह जिले में सभी स्थापना के लिए लंबित और निपटाए गए दोनों मामलों को प्रदर्शित करेगा। दिनांक वाद सूची के एक अन्य विकल्प में बारकोड का उपयोग करते हुए एक वकील अपनी वाद सूची प्राप्त कर सकता है जिसे अगले पैरा में समझाया गया है। इस बिंदु पर यह बताना महत्वपूर्ण है कि अधिवक्ता बार कोड एक अधिवक्ता के लिए विशिष्ट पहचान संख्या है और इसे डेटा बेस में सही ढंग से दर्ज किया जाना चाहिए। यदि कोई भी अधिवक्ता पाता है कि उसका बार कोड मोबाइल ऐप में सही रूप से दर्ज़ नहीं दर्शाया जा रहा है तो संबंधित न्यायालय, जहां आप पंजीकृत हैं, को सही ढंग से बार कोड दर्ज करने के लिए सूचित करें ।




<u>**उदाहरण :**</u> महाराष्ट्र अधिवक्ता कोड खोज अधिवक्ता अग्रवाल के. डी. के नाम पर कुल 778 मामलों को दिखाती है।

**अधिवक्ता बार कोड के साथ कैसे खोज करें**

→ प्रकरण स्थिति पर क्लिक करें

→ राज्य, जिले का चयन करें

→ अधिवक्ता विकल्प पर क्लिक करें

→ रेडियो बटन बार कोड का चयन करें

<u>**बार कोड:**</u>

→ 'जाएं' पर क्लिक करें

→ प्रदर्शित होने वाले प्रत्येक प्रतिष्ठान के प्रकरण संख्या पर क्लिक करें

→ प्रकरण संख्या पर क्लिक करें यह प्रकरण वृतांत को खोल देगा


### 8.4.3. दिनांक केस सूची (एडवोकेट कॉज़ लिस्ट) का उपयोग करके खोजें

यदि कोई अधिवक्ता अपने नाम से कॉज लिस्ट ढूँढना चाहता है, अर्थात उसके नाम पर किसी विशेष तिथि को न्यायालयों में कितने मामले आ रहे हैं, तो यह दिनांक मामले सूची विकल्प का उपयोग किया जा सकता है, और अधिवक्ता कॉज लिस्ट उत्पन्न की जा सकती है। अधिवक्ता कॉज लिस्ट में लाभ यह है कि यह प्रकरण के चरण के साथ एक विशेष तिथि पर सूचीबद्ध मामलों को दिखाएगा।




दिनांक मामले की सूची प्राप्त करने के लिए (अधिवक्ता कारण सूची) -> दिनांक मामले की सूची पर क्लिक करें -> फिर एडवोकेट बारकोड भरें -> GO पर क्लिक करें -> फिर एडवोकेट कारण सूची

यानी अधिवक्ता के लिए चयनित तिथि पर सूचीबद्ध मामलों को प्रदर्शित किया जाएगा


Advocate's Cause list: 16-09-2020

Advocate: HUSSAIN HAIKAL

Total Number of Cases: 1

